तापमान

अधिकतम 28 .2 डिग्री
न्यूनतम 7 .1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 17 फरवरी 2025



11 हार्ट अटैक से बचने के लिए नियमित रूप से व्यायाम ...





12 भाजपा ने विज के ऐतराज पर उम्मीदवारों की सूची बदली ...




## खबर संक्षेप

### बराड़ा: किशोरी घर से हुई लापता

**बराड़ा।** कोहिनूर बस्ती की 16 वर्षीय युवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाकर उसकी तलाश की गुहार लगाई है। पीड़ित ओमप्रकाश ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय लडक़ी 14 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे अपने घर से यह कहकर निकली थी कि वह पास ही टेलर की दुकान पर अपना सूट सिलवाने जा रही है। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसे रिश्तेदारों में भी तलाश किया।

### दुकान में घुसकर युवक पर किया हमला

**यमुनानगर।** गांव खदरी में आधा दर्जन से अधिक युवकों ने एक दुकान में घुसकर दुकानदार को पीटकर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दो युवकों को नामजद करते हुए पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव खदरी निवासी लोकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका सोनू उर्फ मुन्नी तथा अरूण के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर उसके बाद से दोनों आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। लोकेश ने बताया कि 13 फरवरी को वह दुकान पर था। इस दौरान आरोपी सोनू और अरूण अपने पांच अन्य साथियों के साथ उसकी दुकान में घुस गए।आरोपियों ने आते ही उस पर हमला कर दिया।

### चिकित्सक की मौत के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** गांव दानीपुर में एक कार्यक्रम के दौरान गोली लगने पर हुई डॉक्टर अनमोल की मौत मामले में पुलिस ने पंजाब के रत्ताखेड़ा के बलदेव सिंह को काबू किया। बताया जाता है कि बलदेव सिंह की ही लाइसेंसी रिवाल्वर से राजीव ने गोली चलाई थी जो अनमोल के माथे पर लगने के कारण मौत हुई थी। नग्गल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मबीर ने बताया कि आरोपी को रविवार कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा। दरअसल मृतक 26 वर्षीय अनमोल दानीपुर गांव में अपने रिश्तेदार की ओर से आयोजित दसुटन कार्यक्रम में गया था। इस बीच डीजे के पास अचानक माथे पर गोली लगने पर अनमोल की मौत हो गई थी।

### बिजली निगम कर्मियों पर हमला करने वाले धरे

**नारायणगढ़।** गांव कंजाला के फिरोजपुर काठ में जेई सुनील और एरिया इंचार्ज रवि से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने शनिवार तीन और आरोपियों को काबू कर लिया। इन आरोपियों की पहचान मुस्तकिम, शुक्रबीन और यासीन के रूप में हुई है। इनमें शुक्रबीन पिता है और दोनों आरोपी उसके बेटे। पुलिस ने इससे पहले निक्की मोहम्मद व लियाकत अली को काबू किया था। इस मामले में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दरअसल 9 फरवरी को नारायणगढ़ थाने में एसडीओ दलीप सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### ईंट-भट्ठे से मोबाइल व नकदी चोरी करने का आरोपी काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने कैथ गांव के पास स्थित दुर्गा भट्ठे पर बने श्रमिकों के कमरे से मोबाइल व नगदी चोरी करने वाले आरोपी को शनिवार देर शाम किशनपुरा से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सूरज निवासी सलीमपुर टराली सोनीपत के रूप में हुई। आरोपी चोरी किये मोबाइल को बेचने के लिए शनिवार को ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने 8 सितंबर 2024 की रात कैथ गांव के पास स्थित दुर्गा ईंट भट्ठे पर बने श्रमिकों के कमरे से चोरी हुई थी।

### गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ फार्म पर पहुंचे गुजरात विस अध्यक्ष

# चर्चा का विषय बनी खजूर, अंजीर सेब और ड्रैगन फ्रूट की प्राकृतिक खेती

- प्राकृतिक खेती मिशन के माध्यम से दुनिया में एक नई क्रांति लाएंगे : आचार्य देवव्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी ने गुरुकुल के फार्म के अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा की धरती पर खजूर, अंजीर, सेब, ड्रेगन फ्रूट जैसे फलों की प्राकृतिक खेती गुरुकुल के फार्म पर हो रही है, यह असंभव से दिखने वाला कार्य आचार्य देवव्रत जी के प्रयासों से संभव हो रहा है और यह केवल देशी गाय पर आधारित प्राकृतिक खेती से हुआ है। इतना ही नहीं गुरुकुल के फार्म पर मिश्रित फसलों के कई ऐसे मॉडल बनाए गये हैं जिन्हें अपनाकर किसान आर्थिक रूप से सम्पन्न तो होगा ही साथ ही अलग फसल चक्र से उसके खेतों की उपजाऊ क्षमता में भी वृद्धि होगी। उपरोक्त शब्द गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी ने गुरुकुल के फार्म के अवलोकन के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आचार्य देवव्रत प्राकृतिक खेती मिशन के माध्यम से दुनिया में एक नई क्रांति लाएंगे। फार्म पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने उन्हें प्राकृतिक खेती से उत्पादित लगभग साढ़े चार किलो की शलजम भी दिखाई, जिसे देख सभी आश्चर्यचकित रह गये। इस अवसर पर ओएसडी टू गवर्नर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, पदमश्री डॉ. हरिओम, डा. बलजीत सहारण, रामनिवास आर्य आदि उपस्थित रहे। विस अध्यक्ष ने गुरुकुल के फार्म का बारीकी से अवलोकन किया, मिट्टी की गुणवत्ता को जांचने के लिए वे स्वयं खेतों में उतर गए। राज्यपाल ने बताया कि पिछले दिनों ड्रेगन फ्रूट में फंगस की समस्या आ गई जिस गोशाला के धोवन की छिड़काव से तुरन्त प्रभाव से कंट्रोल कर लिया। इस घटना से सिद्ध होता है कि गोमूत्र खेती के लिए कितना महत्त्वपूर्ण है। फार्म पर आचार्यश्री के साथ विस अध्यक्ष ने गेंहू की विलुप्त हो रही कई प्रजातियों की फसलें देखीं जिनमें गेंहू के साथ चना भी लगाया गया है। इसी प्रकार गन्ना के साथ सरसों और दालों की मिश्रित फसल लगायी गई है। चना के एक पौधे को उखाड़कर कृषि वैज्ञानिक डॉ. हरिओम ने नाइट्रोजन सहित जरूरी पोषक तत्त्व कैसे पौधा जड़ों के माध्यम से लेता है, यह विस्तार से समझाया।

### गुजरात विस अध्यक्ष ने प्राकृतिक बेर का स्वाद चखा

गुरुकुल फार्म पर विस अध्यक्ष, शंकरभाई चौधरी और अन्य महानुभावों ने जहां प्राकृतिक बेर का स्वाद चखा वहीं क्रेशर पर प्राकृतिक गुड़, शक्कर और खाण्ड बनाने की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से जाना और गर्मागर्म गुड़ का आनन्द लिया। विदित हो कि गुजरात विस अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी शनिवार को गुरुकुल में पधारे। शनिवार सायं को उन्होंने आचार्यश्री के साथ गुरुकुल केम्पस का भ्रमण किया जिसमें गोशाला, अश्वशाला, निशानेबाजी प्रशिक्षण केन्द्र, आर्ष महाविद्यालय, एनडीए ब्लॉक, देवयान वि. भवन प्राकृतिक चिकित्सालय आदि का अवलोकन किया। गोशाला में देशी नस्ल की गायों व नन्दी की विषय में विस्तार से चर्चा की और गुरुकुल के गोशाला को भारत की उन्नत गोशाला बताया।

### कार्रवाई करती पुलिस



### एमएम रोड मुलाना के पास कॉलोनी में वारदात

# प्लाट में नींव खोदने पर विवाद किसान पर चलाई गोली

- बाल-बाल बचा किसान पुलिस कार्रवाई में जुटी
- लाइसेंसी पिस्टल थी आरोपी के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

एमएम रोड़ मुलाना के पास एक प्लॉट में नींव खुदाई को लेकर विवाद पैदा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति ने तैश में आकर किसान पर गोली दाग दी। गनीमत रही कि किसान नीचे झुक गया और गोली उस के ऊपर से निकल गई और किसान इस हमले में बाल बाल बच गया। जिस किसान पर गोली चली उस का नाम हरदम है । गोली चलने के बाद जब लोग आरोपी के पीछे भागे तो आरोपी के हाथ से पिस्टल छुट गई ।आरोपी को मौके पर ही किसान व उसके साथियों ने काबू किया । एमएम रोड पर किसान पर गोली चलने की बात क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। ग्रामीण व आसपास खेतो में मौजूद किसान भी घटनास्थल की और दौड़े ।मामले की सूचना पुलिस को दी गई । सूचना मिलने पर डीएसपी बराड़ा सुरेश कौशिक और मुलाना थाना प्रभारी बलकार सिंह अपनी टीम सहित पहुंचे। फोरेंसिक टीम व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए । पुलिस को दी शिकायत में किसान हरदम सिंह निवासी मुलाना ने बताया कि उनकी पुश्तैनी जमीन शिवालिक कॉम्पलैक्स एमएमयू रोड़ के पास है। किसान के अनुसार रविवार को वह और उसका भतीजा दविन्द्र गिरी अपने खेतों में आए तो देखा कि हमारे खेत के पास जेसीबी मशीन के द्वारा नई वी हमारे खेत में खुदाई हो रही थी। किसान और उसके भतीजे ने नीम की खुदाई करने वाले व्यक्ति से पूछा कि हमारे खेत में नींव क्यों खुदवा रहे हो। थोडी देर में कुलदीप सिंह निवासी बिंजलपुर अपनी गाड़ी से वहां आया और उसने कहा कि जयदेव बता कौन नींव खोदने से रोक रहा है। दोनों पक्षों में तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई । कुलदीप ने पिस्टल निकाली और किसान हरदम सिंह के उपर फायर कर दिया।

जिस प्लाट पर विवाद हुआ



### की जा रही जांच

शिकायत के अनुसार तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी कुलदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके से उसका लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद हुआ है। आगामी कार्रवाई जारी है।

# इसराना: पत्नी घर से गायब, मायके वालों ने कहा-मार कर दबा दी

**इसराना।** गांव शाहपुर के हर्ष पुत्र हुकम सिंह ने इसराना थाना पुलिस में घर से पत्नी गायब होने का मामला दर्ज कराया है। वहीं गायब महिला के मायका वालों ने मार कर दबाने के आरोप लगाया है। पुलिस मामला दर्ज होने के बाद जांच में जुटी है। गांव शाहपुर के हर्ष पुत्र हुकम ने अपनी शिकायत में कहा कि मेरी शादी दो साल पहले दिव्या के साथ हुई थी। वह काम से बाहर गया हुआ था जब वह घर लोटा तो उसे दिव्या घर पर नहीं मिली। जिसे पड़ोस में खोजा ओर पड़ोसियों से पूछा ओर अन्य रिश्तेदारों से भी दिव्या के बारे में पूछा पर कोई पता नहीं चला। जब दिव्या के बारे में कोई खोज खबर नहीं लगीं तो उसने अपनी पत्नी के गुम होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। वहीं हर्ष ने अपनी ही शिकायत में कहा कि मेरी पत्नी के मायके वाले मेरे ऊपर आरोप लगा रहे हैं कि उसने हमारी लडक़ी को मार कर कहीं पर दबा दिया। इस पूरे मामले की जांच कर मेरी पत्नी की तलाश की जाये। पुलिस मामला दर्जकर इस मामले में फूंक फूंक कर कदम रख रही है।

### युवक को चोरी की बाइक के साथ किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

स्पेशल सेल टीम के इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए जा रहा है। इस सूचना पर एएसआई कृष्ण कुमार, मुख्य सिपाही कुलदीप, बृज पाल व जितेंद्र की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौका पर जाकर वहां पर घूम रहे एक युवक को काबू किया। पूछताछ पर उनकी पहचान पातालपुरी कॉलोनी निवासी साहिल उर्फ सन्नी के रूप में हुई। पुलिस टीम ने आरोपी से चोरी की बाइक बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

# कुवि: 34वें दीक्षांत समारोह के लिए रिहर्सल आज

- 2959 यूजी व पीजी विद्यार्थियों को डिग्री तथा 91 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट दिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन (केयू ऑडिटोरियम हॉल) में 18 फरवरी 2025 को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर है। 34वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 17 फरवरी दिन सोमवार को केयू ऑडिटोरियम हॉल में दोपहर 2 बजे रिहर्सल की जाएगी जिसमें दीक्षांत समारोह से संबंधित सभी कमेटी के संयोजक, सदस्य, अधिकारीगण तथा डिग्री, उपाधि, एवं गोल्ड मेडल के विद्यार्थी भाग लेंगे। दीक्षांत समारोह के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने संबंधित कमेटी संयोजकों, सदस्यों तथा अधिकारियों से बात कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। गौरतलब है कि 18 फरवरी को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि, हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, इसरो के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. एस सोमनाथ तथा सांसद नवीन जिंदल उपस्थिति रहेगी। 212 शोधार्थियों को अतिथियों द्वारा पीएचडी उपाधि दी जाएगी। 2959 यूजी व पीजी छात्रों को डिग्री तथा 91 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

### शादी के 2 साल बाद जेवरात लेकर फरार

**पानीपत।** जिला के एक गांव में एक विवाहित महिला घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गई। जब वह भागी तो उस समय उसके सास-ससुर किसी काम से बाहर गए थे। पति भी वहां नहीं था। थाना इसराना में शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव कारद में रहने वाली महिला का पति व ससुर काम पर गए थे और सास जंगल से लकड़ी लेने गई थी। घर में अकेली रह गई बहू ने इस मौके का फायदा उठाया। दोपहर को जब सास घर लौटी तो देखा कि घर का दरवाजा खुला था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। बहू कहीं नहीं मिली। महिला के पति ने बताया कि उनकी शादी 2 साल पहले गोहाना की श्री राम बस्ती में हुई थी। दोनों सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे थे। जानकारी मिलते ही पति और ससुर तुरंत घर पहुंचे।

### शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी

# पानीपत: नौकरानी जेवर और नकदी लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में एक नौकरानी सोने के जेवरात और एक लाख रुपए की नकदी लेकर फरार हो गई। युवती ने एक महीने पहले ही नौकरी ज्वाइन की थी। घटना शहर के सेक्टर 24 स्थित एक बंगले की है। दंपती जब अस्पताल गए थे, तब वह घर से जेवरात चुराकर फरार हो गई। दंपती के वापस लौटने पर घटना का पता चला। पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। चांदनीबाग थाना पुलिस को दी शिकायत में रोहतास देशवाल ने बताया कि वह सेक्टर 24 हुड्डा का रहने वाला है। उसे अपने घर पर काम करने के लिए नौकरानी की जरूरत थी। इसके लिए उसने एक प्लेसमेंट एजेंसी से संपर्क किया। हरमन कौर नाम की एक युवती को खुद 14 दिसंबर 2024 को काम करने के लिए प्लेसमेंट वाला घर लेकर पहुंचा। जिसको उन्होंने 30 हजार रुपए कमिशन व 14 हजार रुपए सैलरी देने की बात कही। युवती ने करीब 10 दिन तक उसके घर पर काम किया। 10 दिन काम करने के बाद वह वापस एजेंसी चली गई। फिर 22 जनवरी को वह लौट आई। उसको सैलरी ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी गई। 15 फरवरी को वह अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल गया था। जब वे वापस घर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है। उन्होंने हरमन को आवाज लगाई तो कोई जबाब नहीं मिला। घर के भीतर गए तो सामान बिखरा हुआ था।

### श्मशान घाट के बाहर मिला बच्ची का शव

**पानीपत।** शहर में एक श्मशान घाट के बाहर एक छोटी बच्ची का शव पड़ा मिला। कपड़े में शव लिपटा होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर जांच.पड़ताल शुरू कर दी है।

साथ ही मामले की सूचना सीआईए यूनिट और एफएसएल टीम को भी दी गई। गनीमत रही कि शव को कुत्तों ने नहीं नौंचा। जानकारी के अनुसार मामला राजीव कॉलोनी में गंदे नाले पर स्थित श्मशान घाट के बाहर का है। जहां राहगीरों ने एक कपड़े में लिपटी हुआ बच्ची का शव देखा। मौके पर पहुंची किला थाना पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बच्ची के शव को अच्छे तरीके से ढक कर श्मशान घाट के गेट पर रखा गया था। पुलिस मामले की हर पहलु पर जांच कर रही है।

### मांग | प्रदेश में अलग से वेतन आयोग गठित करने की मांग

# कुरुक्षेत्र सीएम कैंप कार्यालय पर चल रहे धरने में भाग लेने के लिए यमुनानगर से सैकड़ों कर्मचारी हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




**यमुनानगर।** यमुनानगर से कुरुक्षेत्र के सीएम कैंप कार्यालय पर चल रहे दो दिवसीय धरने में भाग लेने के लिए रवाना होते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व रिटायर्ड संघ के सैंकड़ों कार्यकर्ता रविवार को विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर कुरुक्षेत्र सीएम कैंप कार्यालय पर चल रहे दो दिवसीय धरने में भाग लेने के लिए यमुनानगर से रवाना हुए। जिसकी अध्यक्षता एसकेएस जिला प्रधान महिपाल सौदे व रिटायर्ड संघ के जिला प्रधान जोत सिंह ने की। जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने बताया कि एसकेएस राज्य प्रधान धर्मबीर फौगाट ने दूसरे दिन के धरने के दूसरे दिन कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर दी है। हरियाणा के संदर्भ में प्रदेश का अलग वेतन आयोग गठित किया जाना चाहिए। आठवां वेतन आयोग लागू होने तक पांच हजार रूपये प्रतिमाह अंतरिम राहत दी जाए।

### वेतन विसंगतियां दूर करने की मांग

पहले पिछले वेतन आयोग में रह गई विभिन्न वर्गों की वेतन विसंगतियां दूर करने की मांग लंबित है, जिसका तुरंत समाधान करना अतिआवश्यक है। हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय व जीडीपी दर देश के अन्य राज्यों से अधिक है। प्रदेश के लोगों का जीवन यापन का स्तर भी अन्य राज्यों से उच्चतर है। देश चहुमुखी विकास, रोजगार व आर्थिक तरलता के लिए वेतन आयोग का महत्वपूर्ण योगदान होता है क्योंकि वेतन आयोग के माध्यम से असंगठित मजदूर से लेकर प्रथम श्रेणी अधिकारी तक को उचित वेतन मिलता है। प्रदेश की परिस्थितियों में पुरानी पेंशन व्यवस्था आसानी से लागू की जा सकती है। सरकार द्वारा जोब सिक्योरिटी एक्ट के बावजूद एचकेआरएन के कर्मचारियों को नौकरी से हटाने के फरमान आ रहे हैं। कच्चे कर्मचारियों के वेतन में असमानता है जो असंवैधानिक भी है। सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों की सभी समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए एक समग्र रेगुलराइजेशन की नीति बना कर सब को पक्का कर दिया जाए। प्रदेश का अलग से वेतन आयोग इन सभी मुद्दों पर विचार करके समाधान कर सकता है। इसलिए सरकार को हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करना चाहिए।

# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार महिला की मौत, व्यक्ति घायल

- पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

रादौर अनाज मंडी के पास ट्रक की टक्कर लगने से साइकिल सवार महिला की मौत हो गई जबकि व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव पोटली निवासी हजारा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित जस्सी कॉलोनी रादौर निवासी बालकिशन अपनी पत्नी 47 वर्षीय रानी के साथ साइकिल पर किसी काम से जा रहा था। जब वह रादौर अनाज मंडी के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही ट्रक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने रानी को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### निफा डेढ़ लाख यूनिट रक्त एकत्रित करेगी

**करनाल।** संवेदना अभियान के अंतर्गत कोविड महामारी के समय एक ही दिन में 1500 रक्त दान शिविर लगाकर देश के ब्लड बैंकों में लगभग एक लाख यूनिट रक्त का योगदान करने वाली सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) ने अब संवेदना दो, अंतर राष्ट्रीय रक्त दान एवं जागरूकता अभियान के लिए कमर कस ली है। शहीद ए आज़म भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के 94वे शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 21 से 23 मार्च तक चलने वाले संवेदना-2 अभियान में 2400 रक्त दान शिविरों में 1.5 लाख यूनिट एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### नगर खेड़े का स्थापना दिवस 21 को मनेगा

**करनाल।** नगर खेड़े का स्थापना दिवस 21 फरवरी को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसको लेकर नगर खेड़े पर पाठ शुरू कर दिए हैं। 20 फरवरी तक पाठ चलेंगे व 21 फरवरी को शहर की सुख शांति के लिए हवन यज्ञ होगा और उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर खेड़े पर आचार्य राजेश जी पाठ कर रहे हैं। स्थापना दिवस को लेकर शहर के लोगों में भारी उत्साह नजर आ रहा है।

### बीस से अधिक वाहनों पर रिफलेक्टर लगाए

**करनाल।** रोटरी क्लब करनाल द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 20 से अधिक दुग्ध व अन्य वाहनों पर रात्रि या अन्धकार में प्रकाशित होने वाले

### सेक्टर चार में शबद कीर्तन से संगत हुई निहाल

**करनाल।** करनाल के सेक्टर 4 पार्ट 2 प्लॉट नंबर 218 में सेवा सिमरन सोसाइटी नानकसर करनाल की ओर से अमर शहीद धन-धन बाबा दीप सिंह जी के जन्म दिहाड़े को समर्पित महान गुरमत समागम करवाया गया । गुरमत समागम साहब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में सुंदर फूलों से सजी स्टेज पर साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुशोभित कर खुले पंडाल में करवाया गया । इस समागम में सिख पंथ के महान रागी भाई गगनदीप सिंह नानकसर सिंघाड़ा वालों ने रसमई कीर्तन से संगत को निहाल किया।

### पुरानी एचएसजीपीसी कमेटी हुई बहाल

**करनाल।** हरियाणा सरकार ने मौजूदा हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को आगाकी आदेश तक पहले की तरह काम करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव हुए थे। जिसमें चालीस सदस्य निर्वाचित हुए। इस चुनाव में किसी को बहुमत नहीं मिला। नए सदस्यों ने अभी तक शपथ नहीं ली हैं। उधर हरियाणा सरकार ने चुनव तो करवा दिए लेकिन हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन सदस्यों के मनोनयन और इसके हाउस के गठन और प्रधान तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन को लेकर कोई कानून नहीं बनाया हैं।

### विधायक व गुप्ता ने भाजपा प्रत्याशी कार्यालय का किया उदघाटन

# निकाय चुनाव में हर वार्ड में कमल खिलेगा : रेणू बाला

**पिछले 10 साल में भाजपा सरकार के कार्यकाल में करनाल जिले में हुए अनेक विकास कार्य: विधायक जगमोहन आनंद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



रविवार को करनाल नगर निगम के चुनाव के लिए वार्ड 13 से भाजपा पार्षद प्रत्याशी अमित आहूजा के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। विधायक जगमोहन आनंद और भाजपा की मेयर पद प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता ने रिबन काट कर कार्यालय का उदघाटन किया। यहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं का जोरदार स्वागत किया। अमित आहूजा आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ के नारे लगाए। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार के कार्यकाल में करनाल जिला में अनेक विकास कार्य हुए हैं। तेज गति से विकासकार्यों को आगे भी बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में भाजपा की नीति और रीति पर चलते हुए सभी उम्मीदवार जनता के बीच जाएं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता उन्हें विजयी बनाएगी। इस मौके पर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बंपर जीत दर्ज करेंगे। हर वार्ड में कमल का फूल खिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में चारों ओर विकास हो रहे हैं। प्रदेश का कोई भी कोना विकास से अछूता नहीं रहा है। विकास के मुद्दों पर ही हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार को जनता ने चुना है। उन्होंने कहा कि करनाल में विकास कार्यों की गति पहले से भी तेज की जाएगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि दो मार्च को कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर भाजपा प्रत्यायिशों को विजयी बनाएं। इस अवसर पर पार्षद प्रत्याशी अमित आहुजा, मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व वार्डवासी मौजूद रहे।



# रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे भाजपा प्रत्याशी: जगमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

- कर्ण कमल कार्यालय में भाजपा उम्मीदवारों को किए गए टिकट वितरित

करनाल से विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। डबल इंजन की सरकार के साथ इस चुनाव में जीत दर्ज करके ट्रिपल इंजन की सरकार आम के जनहितैशी कार्य करेगी। विधायक जगमोहन आनंद रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में नगर निकाय प्रत्याशियों को टिकट वितरण के दौरान बोल रहे थे। नगर निगम चुनाव को लेकर जो सूची भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी की गई थी। उस सूची के अनुसार भाजपा के कर्ण कमल कार्यालय में उम्मीदवारों को टिकट वितरित किए गए। इस दौरान संबोधित करते हुए विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव करनाल जिला में भारतीय जनता पार्टी ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। इसी तरह अब नगर निगम चुनाव में भी भाजपा के सभी उम्मीदवार विजय हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकासात्मक सोच को आजमा कर देख लिया है। आज करनाल में तेज गति से विकास का पहिया आगे बढ़ रहा है। आने वाले 2 मार्च को जनता कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर शहरों की सरकार बनाने का कार्य करेगी।

**उम्मीदवार जोश और उत्साह के साथ जनता के बीच जाएं: विधायक जगमोहन आनंद**

विधायक जगमोहन आनंद ने सभी उम्मीदवारों को संबोधित करते हुए कहा कि जोश और उत्साह के साथ जनता के जाएं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता उन्हें विजयी बनाएगी। इस दौरान पूर्व स्पीकर श्री ज्ञानचंद गुप्ता, चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, असंध विधायक योगेंद्र राणा, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, भाजपा की मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता, भाजपा नेता अमरनाथ सौदा, सुनील गोयल व अन्य मौजूद रहे।



### हरीशचंद्र सांग का मंचन किया

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में आयोजित सांग उत्सव में रविवार को हरीशचंद्र सांग का मंचन किया गया। सांगी बसेशर सिंह एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी गई। बड़ी संख्या में लोग सांग देखने के लिए पहुंचे। सभा की ओर से अतिथिगणों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। सभा के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन 26 फरवरी को शहर में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बाजारों को भव्य रूप में सजाया जाएगा। शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होगी और मुख्य बाजारों से होते हुए श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सर्राफा बाजार में विश्राम लिया जाएगा। रमेश जिंदल ने बताया कि सांग का आयोजन 23 फरवरी तक किया जाएगा। 24 फरवरी को सांगी बसेशर सिंह व सांगी मोहमद मीर प्रस्तुति देंगे। 24 फरवरी को रागिनी कम्पीटिशन में पेप्सी शर्मा अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। 19 से 25 फरवरी तक शिव पुराण कथा का आयोजन सत्यनारायण मंदिर हनुमान गली में किया जाएगा। आचार्य मिथलेश नंदन जी कथा सुनाएंगे। इस अवसर पर बी.बी. गुप्ता, जिले सिंह, बालकिशन शर्मा व गौरव आदि मौजूद रहे।

# दो साल पूरे होने पर दीं शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग शिक्षक दिनेश गुलाटी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कक्षाओं में से एक श्री साईं कृपा योग क्लास, साईं मंदिर के पास सेक्टर 6 में एक विशेष आयोजन किया गया। योग कक्षा के 2 साल पूरे होने के अवसर पर उन्होंने मिशन के शिक्षकों और योग साधकों को शुभकामनाएं दी।

योग साधकों के उत्साह और जोश ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में मेघा भंडारी चेयरमैन हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी संकल्प भंडारी एवम् अंतरास्ट्रीय योग प्रशिक्षिका रुचिका विशेष रूप से मौजूद रहे और उन्होंने दिनेश गुलाटी और अन्य साधको की योग के प्रति समर्पण और कक्षा के दो वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी।दिनेश गुलाटी ने कक्षा की योग शिक्षिका मंजू शर्मा को उनके कार्य और मिशन के प्रति योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि उनकी योग द्वारा स्वास्थ्य मुहिम से जुड़कर लोग प्रतिदिन लाभ उठा रहे हैं। मिशन के साथ लाखों लोग जुड़े हैं और ऑनलाइन और ऑफलाइन रहकर भी योग कर रहे हैं। मंजू शर्मा और उनकी टीम के सदस्य द्वारा विभिन्न तरह के परफॉर्मेंस का प्रदर्शन किया गया।दिनेश गुलाटी और अन्य शिक्षकों ने उनकी लगन और मेहनत के लिए शुभकामनाएं देते हुए उत्साहवर्धन किया। पिछले 2 वर्षों से यह कक्षा निर्बाध रूप से चलाई जा रही है।

वहां मौजूद अन्य शिक्षक ने भी अपने शुभ कामना संदेश दिए दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग प्राचीन समय से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं इसी तरह विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा भी लोगों का उत्साह और ऊर्जा बनी रहती है कार्यक्रम में अन्य पक्षियों के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# अर्पण करने पर परमात्मा सुनता है हमारी बात

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि का पावन पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवानदास कबीरपंथी की धर्मपत्नी सविता कबीरपंथी ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति सुरेश सिंगला, नपा अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, रामनिवास बंसल ने शिरकत की। कार्यक्रम में बोलते हुए आश्रम की संचालिका बीके सुदेश ने कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों का धन्यवाद किया और कहा कि इस अवसर पर कहा कि शिवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में आए अज्ञान अंधकार को मिटाने का



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते मुख्यातिथि सविता कबीरपंथी व सुदेश बहन, अन्य।

पर्व है। परमात्मा शिव का ध्यान करने से जीवन में सुख-शांति का संचार होता है। यह शिव के अवतरण का त्योहार परमात्मा के आने का पर्व है। जब हम परमात्मा का ध्यान करते हैं तो आसुरी प्रवृत्तियों का नाश होता है। शिवरात्रि का पर्व ब्रह्माकुमारी संस्थान का सबसे बड़ा त्योहार है क्योंकि इस संस्थान की स्थापना परमात्मा शिव ने की है। हम सुबह से लेकर रात्रि तक सिर्फ परमात्मा शिव के सहारे चलते हैं। जब हम परमात्मा पर सब कुछ अर्पण करते हैं तो परमात्मा हमारी हर बात को सुनता है। वह हर भूमिका में हमारे साथ होता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता बीके ममता दीदी पानीपत एवं माउंट आबू से आए बीके दिनेश भाई ने कहा कि शिवरात्रि पर्व पर हम अपनी बुराइयों को अर्पण करें तो हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**नैतिक मूल्यों में आई गिरावट**

इस धरती पर भगवान शिव के दिव्य अवतरण का प्रतीक है। रात्रि इस संसार में अज्ञान रूपी अंधकार के कारण होने वाले नैतिक पतन की ओर संकेत करती है। शिव ज्ञान के सागर हैं जो मानव जाति को सत्य ज्ञान देकर अंधकार से प्रकाश की ओर, अर्थात असत्य से सत्य की ओर ले जाते हैं। भगवान स्वयं कहते हैं, जब पृथ्वी पर धर्म की ग्लानि होती है, तब मैं सत्य धर्म की पुनः स्थापना करने आता हूँ और इस प्रकार पतित आसुरी दुनिया को शुद्ध दैवी दुनिया में परिवर्तित करता हूँ। परमात्मा किसी माँ के गर्भ से जन्म नहीं लेते हैं, बल्कि उनके दिव्य वचनों के अनुसार, वे प्रकृति को वश में करते हैं और ब्रह्मा के शरीर में प्रवेश करके दिव्य जन्म या अवतार लेते हैं। आज, जब भ्रष्टाचार, अधर्म और अनैतिकता पूरे विश्व में फैल गई है, जब नैतिक और नैतिक मूल्यों में भारी गिरावट आई है। इस अवसर सविता कबीरपंथी, पवन मित्तल, सुभाष चंद, स्नेह लता चौधरी, इन्दु बंसल मुख्य रूप से मौजूद थी।

# जल है, तो कल है : प्रो. रामपाल सैनी

- डीएवी पीजी कॉलेज के स्वयं सेवकों ने जल संरक्षण को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल जिले के गांव सग्गा में डीएवी पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित सात दिवसीय कैंप के छठे दिन जल संरक्षण पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि जल हर प्राणी की आवश्यकता है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है।

इसका संरक्षण जरूरी है हमें जल को सुरक्षित रखने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा तभी हम जल बचा सकेंगे जो भविष्य एवं आने वाली पीढ़ियों के काम आएगा। व्यर्थ में जल की बर्बादी न करें। इसे बचाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हमें इस कथन को हमेशा याद रखना चाहिए कि जल है, तो कल है। स्वयं सेवकों ने जल संरक्षण को लेकर गांव में रैली निकाली जिसमें ग्रामीणों ने सहयोग किया। राजकीय महाविद्यालय घरौंडा के हिंदी विभाग के प्रवक्ता डॉ सुरेश कुमार ने कहा कि जल संरक्षण जरूरी है। जल का सदुपयोग कर हम इसे बचा सकते हैं। रामचरितमानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल वसंत विहार करनाल के चेयरमैन संदीप गौतम ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण होना जरूरी है। कैंप के संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ बलराम शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की ।

**सामाजिक कार्यों में लें भाग: राणा**

*प्रवीण राणा ने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र के राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक रविन्द्र कुमार ने सभी स्वयं सेवकों को तार्किक रूप से विषय को समझने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि किसी भी विषय पर गहनता से अध्ययन जरूरी है।*

संरक्षण रैली में मुख्य रूप से डॉ मनिषा शर्मा, डॉ राधिका, डॉ सुरभि, डॉ अमोल, विरेन्द्र कुमार, स्वाति राणा, कमलप्रीत भट्टी और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# कर्ण पार्क में योगा शैड बनाने की मांग

- हमारा मिशन स्वस्थ भारत की टीम ने विधायक जगमोहन आनन्द के सामने रखी अपनी बहुत पुरानी मांग : नवीन संदूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



प्लेस में प्रात चाय वार्तालाप के समय पर योग शिक्षक नवीन संदूजा अपनी पूरी टीम हमारा मिशन स्वस्थ भारत के साथ विधायक जगमोहन आनन्द से मिले और अपनी बहुत पुरानी मांग कर्ण पार्क में योगा शैड की मांग रखी।

संदूजा ने बताया कि कर्ण पार्क में उनकी टीम के लिए कोई शैड नहीं है जिस से उन्हें बारिश व सर्दी के मौसम में विशेषकर बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है और अपनी नित्यप्रति चलने वाली क्लास को मानव सेवा संघ के भण्डारा हाल में चलाना पड़ता है जिसे उन की टीम को बड़ी परेशानी होती है। उन्होंने बताया की यह क्लास पिछले कई वर्षों से लगातार जारी है जिसे में लगभग नित्यप्रति भारी संख्या में लोग आते हैं और वर्षभर में कई मुख्य राष्ट्रीय त्यौहार जैसे 15 अगस्त, 26 जनवरी एवं धार्मिक त्यौहार आदि मनाए जाते हैं। विधायक ने उनकी बात को बड़े ध्यान से सुना और आश्वासन दिया नगरपालिका के चुनाव की अचार संहिता के बाद जल्द ही आपकी मांग को पुरा किया जायेगा। आज इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलजा गुप्ता, मीनाक्षी मित्तल, कविता चौबे, सीमा नारंग, उमा पसरिचा, राजू मदान, जितेंद्र पसरिचा, कमल चौपड़ा, विकास शर्मा, अशोक, सोनू आहुजा, सन्नी आहुजा इत्यादि उपस्थित रहे।

# जैनपुर जाने वाली सड़क खस्ताहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

इंद्री से गांव जैनपुर साधान से होकर दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क के टूट जाने के कारण इस सड़क से प्रतिदिन गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सडक के हालात ऐसे हैं कि सडक पर चलते समय यह भी नहीं पता लगता कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। जिस कारण आसपास के गांवों के ग्रामीणों में रोष पनपता जा रहा है। ग्रामीण अनिल, अजमेर, रवि कांबोज, सुनील, अश्वनी,देवेंद्र व रघुवीर आदि का कहना है कि इस सड़क से होकर दर्जनों गांव के लोगों का हर रोज अपने काम के लिए इंद्री आना-जाना पड़ता हैं । इसके अलावा किसान



इंद्री। इंद्री से गांव जैनपुर साधान जाने वाली खस्ताहाल सड़क । फोटो: हरिभूमि

अपने खेतों से गन्ने से भरी ट्राली लेकर भादसों चीनी मिल में जाते हैं। ऐसे मे सड़क के खस्ताहाल होने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है । ग्रामीणों ने बताया कि एक तो सड़क की चौड़ाई काफी कम है दूसरी ओर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं जिस कारण रात के समय हादसे होने का खतरा बना रहता है ।

### आत्म-मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# रोगी की सेवा सबसे बड़ा धर्म : मुनि पीयूष

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

रोगियों की सेवा परमात्मा की सेवा का दूसरा रूप है और सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए प्रत्येक साधन सम्पन्न व्यक्ति को अभावों तथा समस्याओं से जूझते व्यक्ति की उदारतापूर्वक मदद कर पुण्य कमाना चाहिए। सेवा शीलता देव लोक में प्रवेश सुनिश्चित करने वाला गुण है। उक्त प्रेरक विचार भारत संत गौरव पीयूष मुनि महाराज ने श्री आत्म-मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल, इन्द्री रोड, करनाल में विशाल मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में



उपस्थित समाजसेवियों को संबोधित करते हुए दिए। एलोपैथिक से सम्बन्धित सभी विधाओं का यह सेवा प्रकल्प स्व. लखपत राय बिमला देवी जैन परिवार (नौलखा साबुन दिल्ली-गुरुग्राम) के सौजन्य से आयोजित हुआ।

**कैबिनेट मंत्री ने दिया सहयोग का आश्वासन**

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने करनाल के इन्द्री तथा नीलोखेड़ी क्षेत्र के ग्रामीण-कस्बाई आंचलों के मरीजों को कम दाम पर बेहतरीन सेहत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु स्थापित अस्पताल को सारे इलाके के लिए वरदान बताया और हरियाणा सरकार द्वारा सभी प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। इस सुअवसर पर भाजपा मुख्य सचेतक राम कुमार कश्यप तथा मानवाधिकार के महानिदेशक एस.के. जैन (आरि.पी.एस.) विशेष रूप से उपस्थित रहे। हृदय रोग के विशेषज्ञ डा. रवनीश गुप्ता (डी.एम.), बाल रोग विशेषज्ञ डा. मोहित गप्ता (एम.डी.), ई.एन.टी. सर्जन डा. गौरव भाम्बा, चमड़ी रोग विशेषज्ञ डा. पल्लवी गोयल, सर्जन डा. कमल भूषण जैन, सर्जन डा. प्रवीण गर्ग, नेत्र सर्जन डा. रोहित सदाना, डा. नरेड गोयल, आर्थो सर्जन डा. विजेंद्र सिंह रावल, डा. कपिल, डा. मुस्कान, डा. क्वींसी शर्मा, डा. जयंति शर्मा, डायटीशियन डा. समीर अरोड़ा तथा अन्य प्रख्यात चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं और जांच मुफ्त अधवा बहुत कम दामों पर की गई। चिकित्सा निदेशक डा. राकेश मित्तल, सुशील जैन, अजय गोयल, महेश सुखीजा, दीपक गोयल, नवीन जैन, अनिल जैन, अशोक, सतपाल गोयल आदि ने सारी व्यवस्थाएं सुनियोजित की। सैकड़ों मरीजों ने लाभ लिया।

**खबर संक्षेप**

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम थंबड़ के समाजसेवी सुधीर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुधीर कुमार द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर की गई। इसके उपरांत सभी वालंटियर्स ने एनएसएस गीत के साथ शिविर की शुरुआत की। सुधीर कुमार ने स्वयंसेवाकों को शिविर की थीम स्वच्छ भारत एवं डिजिटल इंडिया के बारे में सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### एमएमयू में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बराड़ा।** एमएमयू के एमसीए विभाग द्वारा एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह शिविर विश्वविद्यालय के चांसलर तरसेम गर्ग, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विशाल गर्ग, वाइस चांसलर डॉ. हरीश शर्मा एवं रजिस्ट्रार डॉ. सुमित मित्तल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### कैंप में स्वास्थ्य, स्वच्छता पर दिया व्याख्यान

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. साधना कौशिक ने स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को ब्रह्मचर्य, आहार और निद्रा जैसे तीन मूल मंत्रों के महत्व से अवगत कराया, जो एक स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक हैं। साथ ही, उन्होंने महिला स्वास्थ्य और स्त्री रोगों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी सांझा की।

### निकाय चुनाव के लिए तैयारियां पूरी : तोमर

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत नामांकन प्रक्रिया के तहत सभी तैयारियां की हुई हैं। नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी हैं। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं, 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आबंटित कर दिए जाएंगे। 2 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को मतगणना का कार्य किया जाएगा।

### लोक अदालत में लंबित केसों की होगी सुनवाई

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 7 मार्च को किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अदालत मे लंबित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे इस लोक अदालत मे रख कर उनका निपटारा करवा सकते हैं। आपसी समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढ़ती है।

## नगर परिषद चुनाव : कांग्रेस किसी वार्ड से तय नहीं कर पाई उम्मीदवार, भाजपा ने दो की सीट बदली

# भाजपा ने विज के ऐतराज पर उम्मीदवारों की सूची बदली, 32 में से 11 वार्डों में नए प्रत्याशी उतारे

- निकाय चुनाव में भाजपा का किसी से मुकाबला नहीं : विज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

भाजपा की ओर से अंबाला सदर नगर परिषद के उम्मीदवारों के लिए संशोधित सूची जारी कर दी है। नई सूची में उर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज के 11 समर्थकों को उम्मीदवार बनाया गया है। पहले सूची से विज समर्थकों के नाम गायब होने के बाद बवाल हो गया था। तब विज ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ईमेल भेजकर जारी सूची पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने साफ कहा था कि अगर उनके समर्थकों को सूची में शामिल नहीं किया गया तो वे निकाय चुनाव के लिए प्रचार नहीं करेंगे। नई सूची में 11 नए उम्मीदवारों आने से विज फिर से एक्टिव हो गए हैं। उन्होंने कहा कि "भारतीय जनता पार्टी का किसी पार्टी से मुकाबला नहीं है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि "कांग्रेस के पास संगठन नाम की कोई चीज नहीं है। अभी तक वो अपना विधायक दल का नेता नहीं चुन पाए। विज ने कांग्रेस को जीरो बटा जीरो सीटें आने का दावा किया। उन्होंने निकाय चुनावों में बीजेपी की जीत का भी दावा किया है।



अंबाला। टिकट मिलने के बाद मंत्री विज से आशीर्वाद लेने पहुंचे उम्मीदवार।

### इन नामों का हुआ ऐलान

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव के लिए भाजपा की ओर से जारी नई सूची में सभी 32 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। जारी सूची में चेयरपर्सन पद के लिए स्वर्ण कौर का नाम बरकरार है। वार्ड नंबर 1 से भारत कोछड़, 2 से रीना, 3 से मोहित कौशिक, 4 से शिल्पा पासी, 5 से नानक चंद, 6 से उम्मेद राणा की उम्मीदवारी भी बरकरार रखी गई है। वार्ड नंबर 7 से शील नैन की जगह अब संजीव अत्री को उम्मीदवार बनाया गया है। वार्ड नंबर 8 से रोहित गौड़ की जगह सोमनाथ को उतारा गया है। वार्ड नंबर 9 से स्वाति कौशिक की जगह रेणू चौहान को उम्मीदवार बनाया गया। वार्ड नंबर 10 से प्रवेश सोबती, 11 से आंचल सैनी, 12 से सतीश धीमान, 13 से रितु शर्मा, 14 से नरेश कुमार शर्मा, 15 से भूपेश शर्मा, 16 से भोली बिंद्रा, 17 से रश्मि वर्मा, 18 से श्याम सुंदर अरोड़ा की उम्मीदवारी बरकरार रखी गई। वार्ड नंबर 19 से गौरव सैनी की जगह पूजा सैनी को उम्मीदवार बनाया गया। वार्ड नंबर 20 से प्रियंका, 21 से बलिंद्र पाल, 22 से प्रमोद शर्मा, 23 से ललता प्रसाद, 24 से दिनेश नागर को ही उम्मीदवार बनाया गया। वार्ड नंबर 25 से शालिनी सोनकर की जगह विकास सोनकर को उम्मीदवार बनाया गया है। वार्ड नंबर 26 से नरेश धवन को ही उम्मीदवार बनाया गया जबकि वार्ड नंबर 27 से विजय की जगह शिवाजीत काकरान को उम्मीदवार बनाया गया। वार्ड नंबर 28 से आशीष जायसवाल की जगह महेशचंद अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि वार्ड नंबर 29 से नीतू की जगह आशीष जायसवाल को टिकट दी गई है। वार्ड नंबर 30 से सुनील निदारिया की जगह नीतू को टिकट दी गई जबकि वार्ड नंबर 31 से मीनू तुली की जगह शशि लोगियां व वार्ड नंबर 32 से सुनीता कपूर की जगह भाजपा ने निधि गर्ग को उम्मीदवार घोषित किया है।

### सोनी को नियुक्त किया संयोजक

मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद अंबाला सदर चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजीव सोनी (बब्बू सोनी) को संयोजक नियुक्त किया है। संजीव सोनी को बीते वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भी अंबाला छावनी से चुनाव समिति का संयोजक नियुक्त किया गया था। विधानसभा चुनाव में संजीव सोनी के बेहतर कार्य को देखते हुए संजीव सोनी को अब दोबारा संयोजक पद की जिम्मेदारी दी गई है। संजीव भाजपा में विभिन्न पदों पर रहते हुए बेहतर कार्य कर रहे हैं। बता दें कि करीबियों की टिकट करने से विज बेहद नाराज हो गए थे। टिकट न मिलने पर करीबियों ने विज आवास के बाहर कड़ ऐतराज भी जताया था। तब विज ने अपने समर्थकों को उम्मीदवारों की सूची होल्ड करवाने की बात कही थी।

### कांग्रेस केवल चेयरपर्सन उतारेगी

अंबाला छावनी नगर परिषद चुनाव में इस बार कांग्रेस केवल चेयरपर्सन उतारने पर विचार कर रही है। देर रात तक चेयरपर्सन का नाम तय किया जाएगा। पार्टी की ओर से 32 वार्डों से फिलहाल किसी उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया जाएगा। उधर विधानसभा चुनाव में आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने किसी उम्मीदवार का नाम तय नहीं किया है। पहले उन्होंने सभी वार्डों से उम्मीदवार उतारने की बात की जा रही थी।

## एनडीआरएफ ने आपदा प्रबंधन के सिखाए गुर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन मे रविवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 7वीं बटालियन बठिंडा द्वारा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन गांव चाबरी एवं उपमंडल सफीदों के गांव मोरखी में किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदाओं से बचाव एवं प्राथमिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने बताया कि एनडीआरएफ टीम और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जिले में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम और चौपाल कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य लोगों को बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं से बचाव के उपाय बताना और प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देना है। जिला प्रशासन की ओर से डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर अथॉरिटी से संतराए नवीन और विक्रम मोर ने भाग लिया। एनडीआरएफ टीम ने ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों को सीपीआर, भूकंप एवं बाढ़ से बचाव, सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपाय, रक्तस्त्राव नियंत्रण और हीट वेव, कोल्ड वेव से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से आपदा प्रबंधन में ग्रामीणों की क्षमता बढ़ेगी और वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में सही कदम उठा सकेंगे।



जींद। आपदा से बचाव के गुर सिखाते एनडीआरएफ टीम सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

## मिड डे मील कर्मियों ने मांगा न्यूनतम 26 हजार वेतन

- ब्लॉक प्रधान की जिम्मेदारी सर्वसम्मति से राजकुमारी को मिली, सोनिया बनी सचिव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़**

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) से संबद्ध मिड डे मील वर्कर्स यूनियन का ब्लॉक सम्मेलन रविवार को जिला प्रधान ललिता खुराना की देखरेख में कम्युनिटी हाल में संपन्न हुआ। इसमें सर्वसमति से राज कुमारी को प्रधान, सचिव पद पर सोनिया, कविता को कैशियर, उप प्रधान किरण, सह सचिव सुनीता, व सुषमा देवी को सदस्य चुना गया। जिला प्रधान ललिता ने वर्कर्स को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की बीजेपी सरकार मिड डे मील वर्कर्स से सौतेला व्यवहार कर रही है। न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू करने की बजाए वर्कर्स को मिलने वाले मात्र 7 हजार रुपए भी हर महीने समय पर नहीं मिलते है । हालात यंहा तक पहुंच चुके है कि अभी तक दिसंबर 24 का वेतन भी नहीं मिला है। उन्होंने वर्कर्स को हर महीने समय पर वेतन देने की मांग भी की। सीटू जिला सचिव सतीश सेठी ने कहा कि स्कूल में एक ही छत के नीचे काम करने वाले प्रिंसिपल से लेकर फोर्थ क्लास तक के सभी अधिकारियो व कर्मचारियों को साल के पूरे 12 महीने का वेतन मिलता है। परंतु उन्ही के साथ काम कर रही मिड डे मील वर्कर्स को केवल 10 महीने का ही वेतन मिलता है।

सेठी ने कहा कि वर्कर्स को मिलने वाले मामूली वेतन में केंद्र की मोदी सरकार केवल एक हजार रुपए का शेयर देती है। जबकि महिला हितैषी होने के लंबे चौड़े दावे करने वाली भाजपा सरकार ने पिछले 11 सालों में वर्कर्स के वेतन शेयर में एक रुपए तक की भी बढ़ोतरी नहीं की है। ऊपर से हाल ही में पेश किए गए केंद्रीय बजट में फिर चुप्पी साध ली गई है। इससे वर्कर्स में रोष है। सीटू मांग करता है की मिड डे मील वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए लागू किया जाए। पूरे 12 महीने का वेतन दिया जाए।




नारायणगढ़। बैठक के उपरांत मिड डे मील वर्कर्स।

## शिविर में 45 लोगों ने आंखों की जांच करवाई



नारायणगढ़। कैंप में नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच करते विशेषज्ञ।

- श्री सनातन धर्म महावीर दल ने लगाया चिकित्सा शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़**

श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 45 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अम्बाला शहर से आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बिमारियों की जांच की व उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की तथा उन्हें चश्में के नंबर भी दिए गए। हर महीने के तीसरे रविवार को संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं।

## आर्ट ऑफ लिविंग 86 देशों में कर रही काम

- जींद से कल फसल बचाओ, नस्ल बचाओ अभियान की शुरुआत होगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

आध्यात्मिक संगम, जीवन जीने की कला में जींद में होने वाले आध्यात्मिक संगम कार्यक्रम संयोजक चरण सिंह चाहर ने रविवार को खापों के प्रतिनिधियों से कंडेला में टेकराम कंडेला, सर्वजातीय राष्ट्रीय संयोजक खाप पंचायत व सतवीर सिंह दालमवाला सहित अन्य से मुलाकात की और 18 फरवरी को आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के जींद आगमन को न्योता दिया। खापों के प्रधानों ने बताया कि गुरुजी से हम समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए जितने भी नशे, नस्ल और फसल बर्बाद हो रहे हैं उन्हें सही रास्ते पर लाने के लिए अर्ज करेंगे। लिव इन रिलेशनशिप को खत्म करना, एक गांव एक गोत्र में शादी पर रोक लगाना, जीरो बजट खेती की शुरुआत और पर्यावरण को बचाना तथा सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करना शामिल है।



जींद। टेकराम कंडेला सहित अन्य खाप नेताओं को निमंत्रण देते हुए।

टेकराम कंडेला ने कहा कि आध्यात्मिक संगम में सभी खाप, बारहे, तपे, किसान, खिलाड़ी, पंचायत और सामाजिक संगठन भाग लेंगे और आशीर्वाद ग्रहण लेंगे। हम सभी का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों, नशा, आदतों एवं बुराइयों से छुटकारा पाना है। क्योंकि श्रीश्री रविशंकर एक सिद्ध पुरुष हैं। जिनके जींद आने से जींद के विकास और उन्नति में चार चांद लग जाएंगे। इस आध्यात्मिक संगम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। इसी के साथ फसल बचाओ, नस्ल बचाओ अभियान की शुरुवात 18 फरवरी को होगी। जिसमें लगभग 25 हजार लोग शिरकत करेंगे। टेकराम कंडेला ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था 186 देशों में काम कर रही है। जिसमें 1200 से ज्यादा स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दी जाती है। प्राकृतिक खेती, गौसेवा, सात्विक भोजन, शांत मन, तंदुरुस्त शरीर, शिक्षा, वातावरण, पर्यावरण बचाव और जैविक खेती से संबंधित अनेक कोर्स चल रहे हैं। सुदर्शन क्रिया एक ऐसी सांसों की लय है, जिसमें भयानक से भयानक बीमारियां तो ठीक होती ही हैं, वहीं शारीरिक, मानसीक और भावनात्मक सुदृढ़ता भी मिलती है।

## डा. धर्मदेव को मिला निराला साहित्य शिरोमणि पुरस्कार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक तथा 50 पुस्तकों के लेखक डा. धर्मदेव विद्यार्थी को निराला साहित्य कला मंच कलानौर रोहतक की ओर से निराला साहित्य शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

रोहतक की हरियाणा हवेली में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में निराला साहित्य एवं कला मंच के अतिरिक्त प्रेरणा मंच कुरुक्षेत्र, निर्मला साहित्य मंच चरखी दादरी, साहित्य सदन रोहतक इत्यादि संस्थाओं की ओर से डा. धर्मदेव विद्यार्थी को हरियाणवी भाषा और संस्कृति के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर साहित्य शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया जिसमें उन्हें एक प्रशस्ति पत्र, शाल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक के हिंदी विभाग अध्यक्ष डा. बाबूराम ने की। हिंदी और हरियाणवी में लिखी गई 10 लेखकों की पुस्तकों का विमोचन भी डा. धर्मदेव विद्यार्थी द्वारा किया।

## सेना में जवान व खेल क्षेत्र में युवाओं का जज्बा हरियाणा की पहचान : शिक्षा मंत्री

**जुलाना ।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि देश का गौरव बढ़ाने वाले शिक्षण संस्थान को सिंचित करने के लिए हम सबको आगे आना होगा। जिस संस्थान ने खेल क्षेत्र में देश को नायाब हीरे तैयार करके दिये, उस संस्था को चलाने वालो को सहयोग देने के लिए शिक्षा विभाग हमेशा तत्पर रहेगा। क्योंकि सेना में जवान और खेल क्षेत्र में युवाओं का जज्बा हरियाणा की पहचान बना हुआ है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा रविवार को खेल गांव निडानी में भरत सिंह मेमोरियल एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। पूर्व डीजीपी डा. महेन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि युवाओं का भविष्य शिक्षा और खेल क्षेत्र में संवर सके, इसके लिए किसी समय जो छोटा सा पौधा लगाया था। आज वह वट वृक्ष बनकर समाज और देश को सम्मान स्वरूप गौरव बढ़ाने के फल दे रहा है। यह ना केवल निडानी अपितु हर हरियाणावासी के लिए गर्व की बात है। समारोह में अर्जुन अवार्डी डीएसपी गीता जाखड़, राकेश गोयल सहित अन्य शिक्षाविदों ने सम्मानित अतिथि के तौर पर भाग लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## पुलिस डीएवी स्कूल में नर्सरी विंग की ओर से ग्रैंड पेरेंट्स डे पर कार्यक्रम आयोजित

# नन्हें विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मचाया धमाल

- रंगला पंजाब पर किया शानदार गिद्दा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अंबाला शहर स्थित पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में नर्सरी विंग की ओर से ग्रैंड पेरेंट्स डे के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में बच्चों के दादा-दादी ,नाना-नानी को आमंत्रित किया गया। बच्चों ने सभी ग्रैंड पेरेंट्स का स्वागत तिलक लगाकर और मौली पहना कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ इ-लाइटनिंग व डीएवी गान से किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बताया कि दयानंद सरस्वती के मूल्यों को आधार बना कर डीएवी की नींव रखी। उन्ही की सकारात्मक सोच के साथ डीएवी को आगे बढ़ाया जा रहा है। बच्चों को भी वेदों के विषय में ज्ञान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों को वैदिक मंत्र उच्चारण का महत्व बताया जा रहा है और हम सबको आगे भी डीएवी संस्थानों में अपना पूरा सहयोग देना है। दयानंद सरस्वती के बताएं मार्ग पर चलना है।उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने बताया कि ग्रैंडपेरेंट्स की परिवार में खास जगह होती है परिवार के संस्कार हमें हमारे दादा-दादी व नाना-नानी से मिलते हैं। बच्चे अपने ग्रैंडपेरेंट्स के बहुत लाडले होते हैं। उनके साथ बहुत सुरक्षित महसूस करते हैं। बड़े बुजुर्ग परिवारों को एक करके रखते हैं और उनके बताए गए मार्ग पर चलकर बच्चे सही राह और तरक्की पाते हैं। हमें सदा उनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में नर्सरी के बच्चों ने फैमिली सांग के माध्यम से अपने परिवार में दादा-दादी व नाना-नानी की अहमियत को दिखाया कि किस तरीके से छोटे-छोटे बच्चे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से प्रेम करते हैं। बच्चों ने बताया कि कैसे बच्चे अपने दादा-दादी के और नाना-नानी के नक्शे कदम पर चलकर अपने परिवार का नाम रोशन करते हैं। नर्सरी के नन्हे-नन्हे बच्चों ने पंजाबी सांग पर गिद्दा और अपने मां-बाप की अहमियत को दिखाया। द व्हील्स के माध्यम से कैसे हम अपने शरीर को स्वस्थ और चुस्त रख सकते हैं यह छोटे-छोटे बच्चों ने स्केट्स के प्रयोग करके सबको बताया और बच्चों के इस तरह के स्केट्स अलग-अलग स्टंट को देखकर सभी अचंभित किया। बच्चों ने इंग्लिश सोंग्स पर बहुत सुंदर प्रस्तुति जिसे देखकर सभी प्रफुल्लित हुए । बच्चों ने रेट्रो गीत पर नए पुराने गीतों पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगीला पंजाब की कुछ झलकियां दिखाते हुए माहौल को बहुत मनोरंजक और उत्साहवर्धक बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. राकेश सहल सिविल सर्जन ने शिरक़त की । उन्होंने बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम में पूरे वर्ष अलग-अलग प्रतियोगिताएं कराई गई, इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहे बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा व प्रधानाचार्य द्वारा बधाई दी गई तथा पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी दी गई। ग्रैंड पेरेंट्स अपने पोता पोती को पुरस्कार पाते हुए देखकर प्रसन्नचित हुए। कार्यक्रम में मदर्स डे पर हुई कुछ प्रतियोगिताओं मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट व रैंप वॉक में विजेता रही मर्दस को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



अंबाला। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे छात्र।